# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–25 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

पहले मुख्य समाचार।

- आगामी त्यौहारों पर प्रदेश भर में मिलेगी चौबीस घंटे बिजली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिये अट्ठाइस अक्टूबर से पन्द्रह नवम्बर तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश।
- विधानसभा की नौ सीटों पर उप चुनाव के लिये आज नामांकन का आखिरी दिन। भाजपा ने जारी की आठ सीटों पर प्रत्याशियों की सूची। सहयोगी पार्टी रालोद को दी एक सीट।
- आज महराजगंज के दौरे पर रहेंगे मुख्यमंत्री बहुउद्देशीय इंडोर स्टेडियम और नौ सौ चालीस करोड़ रूपये की कई विकास परियोजनाओं का करेंगे लोकार्पण और शिलान्यास।
- गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित सब जूनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में पहले दिन ओडिशा का दबदबा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्यौहारों के मद्देनजर अट्ठाइस अक्टूबर से पन्द्रह नवम्बर तक प्रदेश भर में चौबीस घंटे बिजली आपूर्ति करने क निर्देश दिये हैं। कल राजधानी लखनऊ में एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि धनतेरस, दीपावली, भैयादूज और छठ पूजा से लेकर कार्तिक पूर्णिमा तक चौबीस घंटे अनवरत बिजली की आपर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने इसके लिये उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन को पूरी तैयारी करने के निर्देश दिये। उल्लेखनीय है कि पूर्व में दीपावली के मौके पर चार–पांच दिन ही अनवरत विद्युत आपूर्ति के आदेश जारी होते थे। यह पहली बार है कि उन्नीस दिनों तक निर्बाध बिजली आपूर्ति के निर्देश जारी किये गये हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपावली और अन्य त्यौहारों को लेकर कल देर शाम लखनऊ में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी वरिष्ठ अधिकारियों को कानून व्यवस्था चुस्त–दुरुस्त रखने की हिदायत दी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि उपद्रवियों को उन्हीं के भाषा में जवाब दिया जाय। उन्होंने कह कि आने वाले त्यौहारों का समय संवेदनशील है। प्रशासन और पुलिस के अधिकारी चौबीस घंटे अलर्ट रहें। यह भी ध्यान रखा जाए कि कहीं से भी व्यापारियों के उत्पीड़न की कोई शिकायत न आये। मुख्यमंत्री ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और जनता के बीच सतत संवाद और सभी वर्गों से मिल रहे सहयोग का ही परिणाम है कि बीते वर्षों में सभी पर्व और त्यौहार शान्ति तथा सौहार्द्रपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुए हैं।

**********

उत्तर प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए आज नामांकन पत्र दाखिल करने का अंतिम दिन है। इन नौ विधानसभा सीटों पर अब तक कुल 71 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। मीरापुर सीट पर कल 6 प्रत्याशियों ने और कुंदरकी सीट पर 5 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। गाज़ियाबाद और मझवां विधानसभा के लिए 4–4, सीसामऊ, करहल और खैर सीट पर 2–2, कटेहरी से 3 और फूलपुर से 9 प्रत्याशियों ने कल नामांकन किया। कानपुर की सीसामऊ सीट से कल बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र शुक्ला ने पर्चा भरा। वहीं मिर्ज़ापुर की मझवां सीट से बसपा प्रत्याशी दीपक तिवारी और सपा से ज्योति बिंद ने नामांकन दाखिल किया। मुज़फ्फरनगर की मीरापुर सीट से सपा प्रत्याशी सुम्बुल राणा ने भी कल पर्चा दाखिल किया। वहीं भाजपा की केन्द्रीय चुनाव समिति ने कल 8 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी। एक विधानसभा सीट पर भाजपा की सहयोगी राष्ट्रीय लोकदल चुनाव लड़ेगी। पेश है हमारे संवाददाता की एक रिपोर्ट......

***भाजपा ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, गाजियाबाद से संजीव शर्मा, खैर से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद, मझवां से सुचिष्मिता मौर्या, कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी और करहल की प्रतिष्ठित सीट पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के भतीजे तेज प्रताप यादव के मुकाबले अनुजेश यादव को अपना उम्मीदवार बनाया है। वहीं मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट राश्ट्रीय लोकदल को दी गई है। इस सीट से रालोद ने मिथलेश पाल को चुनाव मैदान में उतारा है। वहीं इंडी गठबंधन सभी 9 विधानसभा सीटों पर सपा के सिम्बल पर चुनाव लड़ेगा। बहुजन समाज पार्टी पहले ही सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुकी है। जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने हैं उनमें से चार सीटों पर समाजवादी पार्टी का कब्जा था वही तीन सीटों पर भारतीय जनता पार्टी एक सीट पर निषाद पार्टी और एक सीट पर राष्ट्रीय लोकदल का कब्जा था। हालांकि 2022 के विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में था।सुशील चन्द्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ।***

**********

मां सीता की जन्मस्थली सीतामढ़ी और भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या को जोड़ने के लिये केन्द्र सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। धार्मिक महत्व वाले इन दोनों स्थानों के बीच दो सौ छप्पन किलोमीटर लम्बी रेल लाइन बिछेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमण्डल की आर्थिक मामलों की समिति ने कल नरकटियागंज–रक्सौल–सीतामढ़ी–दरभंगा और

सीतामढ़ी–मुजफ्फरपुर खण्ड के दो सौ छप्पन किलोमीटर लम्बी रेल लाइन के दोहरीकरण का फैसला लिया। इस पर चार हजार पांच सौ तिरपन करोड़ रूपये खर्च होंगे।

**********

सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश संजीव खन्ना को कल देश का इक्यावनवां मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह ग्यारह नवम्बर को शपथ ग्रहण करेंगे। पैंसठ वर्ष की आयु पूर्ण करने पर वर्तमान मुख्य न्यायाधीश डीवाई चन्द्रचूड़ दस नवम्बर को सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज महराजगंज जिले के दौरे पर आयेंगे। वह चौक बाजार नगर पंचायत के कार्यालय भवन का उद्‌घाटन करने के साथ ही नौ सौ चालीस करोड़ रूपये की पांच सौ पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इसके अलावा वह नौ करोड़ पचपन लाख रूपये की लागत से निर्मित महंत दिग्विजयनाथ बहुउद्‌देशीय इंडोर स्टेडियम का लोकार्पण और योगीराज बाबा गम्भीरनाथ की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। महराजगंज दौरे पर मुख्यमंत्री पीपीपी मॉडल पर बने केएमसी मेडिकल कॉलेज का भी उद्‌घाटन करेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित 19 सौ 50 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटे। इनमें 1,526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी और 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के युवा पहले नौकरी और रोजगार के लिए देश के अलग–अलग क्षेत्रों में भटकते थे, लेकिन आज उन्हें अपने ही प्रदेश और अपने ही जनपद में नौकरी मिल रही है।

***हमने नियुक्ति की प्रक्रिया की सरकारी नियुक्तियां हो या निजी क्षेत्र में नियुक्तियां या संविदा के आधार पर व्यक्ति की योग्यता और उसकी क्षमता को ध्यान में रखकर के जब ये नियुक्ति की प्रक्रिया ईमानदारी से आगे बढ़ी तो परिणाम है कि हर एक क्षेत्र में उत्तर प्रदेश तेजी के साथ दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है। उस विकास का लाभ प्रतिभा के बेहतर पयोग का लाभ आज उत्तर प्रदेश को प्राप्त हो रहा है। जो छठी सातवीं अर्थव्यवस्था उत्तर प्रदेश की थी आज वो देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था के रूप में अपने अच्छे है।***

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी रविवार को आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 115वीं कड़ी होगी। श्रोता इस कार्यक्रम से संबंधित अपने सुझाव आज तक टोल फ्री नम्बर 1 8 0 0 – 11 – 7 8 0 0 पर भेज सकते हैं। माईजीओवी और नमो एप पर भी सुझाव भेजे जा सकते हैं।

**********

गोरखपुर के रामगढ़ताल में आयोजित सब जूनियर नेशनल रोइंग चैम्पियनशिप में कल प्रारम्भिक दौर की स्पर्धाओं में ओडिशा ने चार वर्गों में दबदबा बनाते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। तेलंगाना और हरियाणा तीन–तीन वर्गों में बढ़त बना कर आगे बढ़े। पहले दिन विभिन्न वर्गों की स्पर्धाओं में हीट राउंड के तैंतीस मुकाबले हुए। इस चैम्पियनशिप का समापन कल होगा। इस अवसर पर पुरस्कार वितरण के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे।

**********

अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली दीपावली पर 28 से 30 अक्टूबर तक दीपोत्सव के तहत विभिन्न आयोजन होंगे। इस बार आठवें दीपोत्सव में 25 लाख दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। इस अवसर पर राम जन्मभूमि परिसर में एक लाख मिटटी के दीये जलाये जायेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करते ही राम मंदिर जगमग हो उठेगा। प्रदेश के पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दीपोत्सव में इस बार थाईलैंड, कंबोडिया, इंडोनेशिया, म्यांमार, मलेशिया व नेपाल के कलाकार रामलीलाओं का मंचन करेंगे।

**********